# मसूदा में ज्वैलर्स की दुकान में चोरों का धावा

**मसूदा** (निसं.)। मसूदा कस्बे में अजमेर रोड स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर सोने चांदी के जेवरात उड़ा उड़ा लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराने थाने में संचालित पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर स्थित गौतम संचेती नामक दुकानदार की दुकान में शनिवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे से सेंध लगाकर दुकान में घुसकर सोने चांदी के जेवरात ले जाने में कामयाब हो गए।

रविवार को दुकानदार गौतम संचेती के दुकान पर पहुंच कर दुकान खोलने पर पता चला कि दुकान में रखा सामान बिखरा पड़ा था इसे देखकर दुकानदार होश फाख्ता हो गया। पुलिस को घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना की जानकारी ली। चोरी करने वाले चोरों ने बड़े ही शातिर ढंग से चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकान में लगे सीसी कैमरों की डीवीआर को निकाल कर पहले पटक दिया फिर इत्मीनान से चोरी करने के बाद जाते वक्त डी वीआर को कुएं में डाल दिया। सीसी कैमरे की डीवीआर के साथ ही जेवरात रखे खाली डिब्बों को भी हुए में डाल दिए।

इसका खुलासा घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्र में इस घटना को लेकर की गई जानकारी के दौरान हुआ। चोरी गए सोना चांदी के जेवरात की कीमत लगभग 7 लाख रुपये बताई जा रही है।आपको बता दें कि चोरों ने जिस दुकान में लाखों रुपए के सोना चांदी के जेवरात की चोरी की घटना को अंजाम दिया वह घटना स्थल पुराना थाना परिसर में संचालित पुलिस चौकी से महज कुछ ही मीटर की दूरी पर हैं। आश्चर्य तो इस बात का है कि जिस जगह चोरी की यह वारदात हुई है वह अजमेर रोड पर स्थित होने से लोगों की आवाजाही लगी रहती है।

इससे भी आश्चर्य की बात तो यह है कि पुलिस चौकी से मात्र कुछ मीटर की दूरी पर चोरों द्वारा इस प्रकार की घटना को अंजाम देने से लगता है कि इस पुलिस चौकी में कोई भी तैनाती नहीं है, यदि पुलिस कर्मचारियों की तैनाती है तो तो चौकी से कुछ मीटर की दूरी पर चोरी की इतनी बड़ी वारदात की घटना कारित होना अत्यंत गंभीर बात है। बहरहाल पुलिस ने संबंधित दुकानदार से चोरी की घटना में चोरी हुए सोने चांदी के जेवरात के बिल वाउचर तलब किए हैं। संभवतया संबंधित जेवरातों के बिल वाउचर के आधार पर मामला दर्ज किया जाना है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को इस संबंध में संबंधित दुकानदार से रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने से फिलहाल मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

## महिला को गुमराह कर ठगों सोने के कंगन

**अजमेर** (कासं)। अजय नगर की रहने वाली एक महिला को बारिश में भीग रहे लोगों को मदद देना भारी पड़ गया। अज्ञात बदमाशों ने महिला को गुमराह करते हुए सोने के कंगन की ठगी कर ली और मौके से फरार हो गए। इस संबंध में पीडित महिला ने रामगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले की जानकारी देते हुए थाने के एएसआई होशियार सिंह ने बताया कि संध्या पारवानी अपने घर पर ही मौजूद थी और बारिश में दो व्यक्ति परेशान हो रहे थे ऐसे में उन्होंने उन्हें घर में रुकने की बात कही और इसी बीच उन्होंने महिला को सोने व चांदी के गहने साफ करने के काम की जानकारी दी और आश्वासन देते हुए और चांदी की अंगूठी साफ करके भी बताई। इसी बीच हाथ में पहने दो सोने के कंगन भी साफ करने के लिए कहा गया और महिला उनके जाल में फंस गई और उसने कंगन उतार कर दोनों बदमाशों के हाथ में दे दिए।

# शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**बिजयनगर** (निसं.)। लायंस क्लब इंटरनेशनल प्रांत3233 ई 2 के लायंस क्लब बिजयनगर का शपथ ग्रहण व पदस्थापना समारोह कोगटा पैरेडाइज परिसर में मुख्य अतिथि पूर्व प्रांतपाल व पूर्व बहु प्रांतीय अध्यक्ष लॉयन अरविंद चतुर पदस्थापना व शपथ ग्रहण अधिकारी पूर्व प्रांतपाल पूर्व बहुप्रांतीय अध्यक्ष अविनाश शर्मा, संभागीय अध्यक्ष दीपक महेश्वरी के आतिथ्य एवं क्लब के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गोयल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

पदस्थापना शपथ ग्रहण समारोह के अधिकारी लॉयन अविनाश शर्मा ने अमिताभ बच्चन की फिल्मों पर आधारित थीम पर अपने अनोखे अंदाज में लायंस क्लब बिजयनगर की नवीन कार्यकारिणी वर्ष 2022 23 के अध्यक्ष लॉयन एडवोकेट नवीन कुमार सोनी एव कार्यकारिणी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई । कार्यक्रम में अध्यक्ष एडवोकेट लायन नवीन कुमार सोनी ने लायंस क्लब बिजयनगर की सदस्यता स्वीकार करने वाले 51 सदस्यों की घोषणा की तथा 31 सदस्यों को मुख्य अतिथि लायन अरविंद चतुर ने समारोह में शपथ दिलायी। समारोह में अध्यक्ष पद पर लायन नवीन कुमार सोनी ने सचिव पद पर विमल चंद कोठारी ने सह सचिव पद पर चन्द्र शेखर शर्मा ने कोषाध्यक्ष पद पर विजय छीपा व सह कोषाध्यक्ष पद पर सुरेंद्र आसवानी क्लब के उपाध्यक्ष प्रथम पद पर राजेंद्र धनोपिया उपाध्यक्ष द्वितीय अमित उपाध्याय कूब मार्केटिंग चेयरपर्सन राधे गोपाल खंडेलवाल सर्विस चेयरपर्सन राजकुमार अग्रवाल क्लब मेंबरशिप चेयरपर्सन राजेश तोषनीवाल टेलर ट्विस्टर नरेंद्र सोनी टेमर अजय शर्मा लियो कन्वीनर पंकज धनोपिया मीडिया कोऑर्डिनेटर विजय अरोड़ा सहित 39 डायरेक्टरों ने सहित आदि ने अपने पद व गोपनीयता की शपथ ली।

समारोह में कूब की सदस्य महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। समारोह में पूर्व अध्यक्ष लायन जी एल यादव ने अपने कार्यकाल में सराहनीय कार्य करने वाले लायन सदस्यों को अवार्ड दे कर सम्मानित किया। समारोह में पूर्व अध्यक्ष जीएल यादव पूर्व सचिव विजय अरोड़ा पूर्व कोषाध्यक्ष राजेश गट्टानी को कूब द्वारा अवार्ड दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन राधे गोपाल खंडेलवाल ने किया।

## संक्षिप्त

### सीसीटीवी में कैद हुए चोर

**अजमेर** (कासं)। पट्टी कटला नहर मोहल्ला में रहने वाले मोहम्मद शवाल अहमद के घर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान चोरी करने आए चोर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। इस मामले की शिकायत पीडित परिवार द्वारा गंज थाने में दर्ज कराई गई है। पीडित अहमद ने बताया कि उनकी बहू की डिलीवरी जनाना अस्पताल में हुई है ऐसे में पूरा परिवार इसके चलते परेशान था और देर रात को आना जाना लगा हुआ था इसी बीच अज्ञात चोरों ने घर में मौजूदगी के बावजूद भी चोरी-छिपे प्रवेश किया और घर में रखे 3 मोबाइल और 5700 की नकदी के साथ ही अन्य सामान चुरा लिया। इसी बीच चोर पास में ही रहने वाले नारूल हक के कमरे में पहुंचे वहां भी उसने मोबाइल चुराया और इतनी ही देर में नारूल हक जग गए जिसकी सूचना पर दोनों चोर मौके से फरार हो गए। इस मामले को लेकर पीडित परिवार ने गंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### कावडियों ने किया जलाभिषेक

**मसूदा** (निसं.)। मसूदा कस्बे में कावडियों द्वारा रविवार को पुष्कर पैदलयात्रा कर लाए गए पवित्र जल से पंडितों द्वारा मंत्रों चारण कर जलाभिषेक करेंगे। शिव मंदिरों को विशेष रूप से सजावट कर दुल्हन की तरह सजाया गया है। मसूदा के शिव मंदिर में सहस्त्र जलधारा का भव्य आयोजन किया जाएगा एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा। कावडियों के दल जिस-जिस जगहों से होकर गुजर रहे हैं ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं पुष्पवर्षा कर कावडियों के दलों द्वारा जय भोले के जयकारे की धुन पर नाचते गाते जाने से क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल है। रविवार को शिव मंदिरो में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें भगवान भोले के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

### रावत राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

**मसूदा** (निसं।)। मसूदा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बस्सी निवासी रासा सिंह पुत्र रामसिंह रावत मसुदा सहित पूरे प्रदेश में अपना व परिवार देश का नाम रौशन किया ।बैंक ऑफ बड़ौदा के 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, मुंबई में आयोजित बडौदा सन एचीवमेंट अवार्ड 2022 कार्यक्रम में रासा सिंह रावत को सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड पूरे भारत में 35000 से ज्यादा प्रतिभागियों में प्रथम स्थान पर रहने से बैंक ऑफ बड़ौदा के एमडी एवं सीईओ संजीव चड्डा के हाथो दिया गया।

# सीबीसी मशीन का शुभारम्भ

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। विधायक सुरेश टाक ने राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कृष्णापुरी में विधायक मद से स्वीकृत 3 लाख 26 हजार की लागत से लाख से सी.बी.सी. मशीन थ्री पार्ट का विधिवत शुभारम्भ किया। स्वास्थ्य केंद्र में रक्त की जांच नहीं होने के कारण मरीजों को अन्य अस्पतालो में जाना पड़ रहा था, किन्तु अब इनको इधर उधर जाने के बजाय इस मशीन से रक्त संबंधी विभिन्न जांच की रिपोर्ट उपलब्ध हो सकेगी।

विधायक टाक ने बताया की सीबीसी मशीन से ल्यूकोसाइटिस गणना, न्युटरोफिल्स, लिम्फो साइटिस, मोनो साइटिस, इओसिनफिल्स, बेसो फिल्स, इमाटयूर ठोनोसाइट, न्युटरोफिल्स, लिम्फोसाइट्स, मोनोसाइट्स, इमाटयूर ठोनोल्युसाइटस, लाल रक्त कणिका सहित अन्य कई जांच हों सकेगी।

उन्होंने समारोह में एक लेबर रूम, जनरल वार्ड के विस्तार के साथ रोगी पर्ची काउंटर तथा दवा वितरण केंद्र पर टीन शेड का निर्माण कराने की भी घोषणा की, जिससे स्वास्थ्य केंद्र में रोगियों को बड़ी राहत मिल सकेगी। समारोह में डॉ प्रियादर्शना सैनी, अमित यादव, नीलम जांगिड़, विपुल शर्मा, मनीषा पचार, सुमन बिश्नोई, क्षेत्रवासी हीरालाल शर्मा, शंकर सिंह, सुरेश सेन, श्रवण कुमार शर्मा, ओमप्रकाश सेन, ओमप्रकाश यादव, दीपक दाधीच, प्रदीप वैष्णव, दिनेश दाधीच, दशरथ, धर्मेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में क्षेत्रवासी व प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**अजमेर** (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव डॉ. समित शर्मा ने रविवार को जिले में संस्थाओं का निरीक्षण किया एवं पौधारोपण किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक प्रफुल्ल चंद्र चौबीसा ने बताया कि अपना घर मूक बधिर एवं दृष्टिहीन आवासीय विद्यालय कोटड़ा का डॉ. समित शर्मा सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 79 बालक एवं बालिकाएं उपस्थित पाये गये। आवासीय बच्चों के साथ विशेष शिक्षकों के सहयोग से साईन लैग्वेंज में वार्तालाप की गई।

उन्होंने बताया कि संस्था के द्वारा की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया। परिसर में डॉ शर्मा के द्वारा पौधारोपण किया गया। खाने, साफ-सफाई , चिकित्सीय सेवा की व्यवस्थाएं संतोषप्रद पाई गईं। अपना घर में सेवा कार्य कर रहे कीमिकों से वार्ता कर उनके द्वारा किये जा रही नि:स्वार्थ सेवा के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने बताया कि अजमेर जिले में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के द्वारा संचालित 21 छात्रावासों की विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। सत्र में शत-प्रतिशत प्रवेश करने के निर्देश प्रदान किये गये। सभी छात्रावासों में पेड़-पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने के निर्देश दिये। विभाग द्वारा अनुदान प्रदान किये जा रहे विभिन्न संस्थाओं को समय पर सहायता प्रदान करने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी विशाल सिंह सोलंकी, संस्था के वित्त सचिव रमेश मित्तल, कार्यकारिणी सदस्य अरविन्द अजमेरा, राजकुमार गोयल, राजकुमार वर्मा, चन्द्रकांता गुप्ता, छात्रावास अधीक्षक सुनीता एवं लेखाकार भगवानस्वरूप शर्मा सहित समस्त विशेष शिक्षक उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### हार्डकोर अपराधी गिरफ्तार

**अजमेर** (कासं)। अजमेर पुलिस ने हार्डकोर अपराधी धन सिंह पीपरोली को दो पिस्टल चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी 40 मुकदमे दर्ज हैं और पासा एक्ट भी लगा हुआ है। आरोपी इन हथियारों से किसी वारदात को अंजाम देने जा रहा था या फिर हथियार तस्करी से जुड़ा यह मामला है इस विषय को लेकर पुलिस गहनता से पड़ताल में जुटी है। मामले का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी विकास सांगवान ने बताया कि धन सिंह पीपरोली के खिलाफ डकैती लूट जानलेवा हमला धमकाने की अलग-अलग धाराओं में 40 से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए थे ओर कई मामले विचाराधीन है। विगत दिनों भी केकड़ी थाना क्षेत्र में एससी एसटी व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया था जिसे लेकर इसकी तलाश जिला पुलिस और स्पेशल पुलिस की ओर से की जा रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि हिस्ट्रीशीटर हार्डकोर अपराधी धन सिंह कोतवाली थाना क्षेत्र में घूम रहा है जिसके पास हथियार भी मौजूद है। इस सूचना पर अजमेर की स्पेशल पुलिस के साथ ही कोतवाली थाना पुलिस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया गया और उसके पास रखी दो पिस्टल और चार जिंदा कारतूस भी जब्त किए गए ओर आर्म्स एक्ट में एक और मुकदमा आरोपी के खिलाफ दर्ज किया गया है।

### 84 यूनिट रक्त संग्रहित

**बिजय नगर** (निसं.)। लॉयंस क्लब बिजयनगर क्लासिक के तत्वाधान में रविवार को एनहोटल चन्द्रा पैलेस मे स्वर्गीय विनोद कुमार मुनोत की पुण्य स्मृति में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर बहु प्रांतिय अध्यक्ष संजय भण्डारी, लायंस क्लब विजयनगर क्लासिक के अध्यक्ष आशीष साण्ड, मुकेश तायल सहित अतिथियों ने लॉयनवाद प्रणेता मॉल्विन जोन्स के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 84 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। संभागीय अध्यक्ष लॉयन दीपक महेश्वरी, जोन चैयरमैन लॉयन अमित लोढ़ा, सचिव ज्ञानचन्द प्रजापत, कोषाध्यक्ष सौरभ नागौरी, आशीष पाटोदी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष सुरेश रामचन्दानी, अपर्ति सांखला, लोकेश रांका, अभिषेक बडजात्या, मानव बोरदिया,अकित तातेड, अरिहन्त लोढा, मुकेश तायल, निहाल मुणोत, अंशुल गोधा, संजय महावर, त्रिलोक मुंदडा अभिषेक रांका, राजेन्द्र लोढा, रितेश नागौरी, राहुल छाजेड, शेखर सांड, कमलेश पाटनी अंकित सांखला नरेन्द्र पीपाडा, महावीर भटवेडा राकेश रांका राहुल बाबेल प्रदीप लोढा प्रमोद पाटोदी दिनेश आश्वानी, सोनू गोधा सहित कूब के सदस्य पदाधिकारियों ने शिविर में सेवाएं देते हुए अधिक से अधिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

### रिमझिम बारिश से मौसम सुहावना

**सरवाड़** (निसं.)। सरवाड़ कस्बे में मूसलाधार बारिश का दौर चला जो बारिश ने कस्बेवासियों को सावन का एहसास कराया कस्बे में छाए गणगौर काले बादलों से बारिश होती रही काली घनघोर घटाओं ने कस्बेवासियों को गर्मी से राहत मिली। वहीं बारिश से कस्बे के सदर बाजार बस स्टैंड चमन चौराहा आदि मुख्य स्थानों पर पानी भर गया जिससे आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा वही तालाबों में पानी की आवक जोर से शुरू हुई और किसानों के चेहरों पर रौनक नजर आई वहीं शहर के आस-पास के गांव में भी अच्छी बारिश होने से फसलों के लिए लाभदायक है तथा किसान खेतों में यूरिया खाद डालने में लगे हुए हैं।

# गौ सेवा सबसे बड़ा धर्म एवं पुण्य का काम है : राठौड़

**मसूदा** (निसं.) किसी भी व्यक्ति की पद अथवा प्रतिष्ठा से पहचान होती है इसके अलावा किसी भी पद प्रतिष्ठा वाले व्यक्ति की एक अन्य पहचान बतौर भामाशाह के रूप में भी होती है। और किसी भी जनप्रतिनिधि जैसे पद प्रतिष्ठित व्यक्ति द्वारा भामाशाह की भूमिका अदा की जाती है तो ऐसे पद प्रतिष्ठित व्यक्ति की एक अलग ही पहचान होना स्वाभविक है।

ऐसे ही पद प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि में मसूदा पंचायत समिति प्रधान मीनू कँवर सुरेंद्र सिंह राठौड़ का नाम लिया जा सकता है। पद प्रतिष्ठा की बात करें तो मीनू कंवर राठौड़ पंचायत समिति प्रधान के पद पर होने के साथ ही उनके पति सुरेंद्र सिंह राठौड़ सिख़रानी ग्राम पंचायत के सरपंच हैं। जहां तक भामाशाह की भूमिका अदा करने की बात करें तो पंचायत समिति प्रधान मीनू कवर सुरेंद्र सिंह राठौड़ के द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यों एवं गौ माता के लिए एवं विभिन्न ने मांगलिक कार्यों के लिए लाखों रुपए सहयोग जा चुका है। और इस प्रकार का सहयोग निरंतर जारी है। पुण्य के कार्य मे सहयोग देने की बात करें पंचायत समिति प्रधान मीनू कंवर सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने हाल ही में अंधेरी देवरी में संचालित गोविंद गौशाला के लिए स्वयं ने रुपए 21 हजार रुपए दिए साथ ही उनकी प्रेरणा से अन्य भामाशाहों में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं मसूदा निवासी रामचंद्र पुत्र टीकम जी गोयल द्वारा 1 लाख रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। इसी प्रकार राजनगर, (बिजयनगर) निवासी शेर सिंह राठौड़ ने 5100 रुपए का आर्थिक सहयोग देकर पुण्य कमाया। इस दौरान मसूदा पूर्व प्रधान नारायण सिंह रावत मसूदा सरपंच प्रतिनिधि गोविंद प्रकाश धूत सिंगावल पूर्व सरपंच सुरेंद्र सिंह गौशाला संचालक वीर सिंह वीरेंद्र सिंह पवन सिंह करण सिंह विनोद कुमार सेठिया लक्ष्मण सिंह एवं अन्य गौ सेवक ग्रामीण जन उपस्थित रहेत भामाशाह एवं भामाशाह को प्रेरित करने वाले प्रधान राठौड़ ने कहा की गौ सेवा सबसे बड़ा धर्म व पुण्य का काम है।

## शिविर में 95 रोगी हुए लाभान्वित

**आसीन्द** (निसं.)। भारत विकास परिषद शाखा आसीन्द के तत्वाधान में आयोजित आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का शुभारंभ जगदीश चन्द सोनी एवं दिनेश कुमार सोनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। सचिव मनोहर सिंह चुंडावत ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर स्वर्गीय भेरूलाल जी सोनी की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित किया गया। भारत विकास परिषद के वरिष्ठ सदस्यो द्वारा आयी हुई टीम का अपर्णा ओड़ा कर स्वागत किया गया, अध्यक्ष ज्ञानचन्द हरवानी ने आये हुए अथितियों ,मेडिकल टीम ,शिविर के भामाशाह एवं महावीर विश्रांति ग्रह के सदस्यो का स्वागत अभिनन्दन किया। अध्यक्ष ने बताया कि शिविर हर माह की 25 तारीख को लगाया जायेगा। भारतीय सेवा समाज एवं डालमिया ट्रस्ट दिल्ली की टीम द्वारा शिविर में 95 रोगियों की निशुल्क जांच कर, एक माह की दवाइयां निशुल्क दी गई। इस अवसर पर भारतीय सेवा समाज के कैलाश रतनु ने बताया कि आयुर्वेदिक चिकित्सा भारतीय संस्कृति की पहचान है।

# भाजपा नेता गुर्जर ने प्रभारियों की बैठक ली

**गुलाबपुरा** (निसं.)। भाजपा प्रदेश कार्य बैठक समिति सदस्य एवं नेता प्रतिपक्ष धनराज गुर्जर की अध्यक्षता में, प्रदेश संगठन निर्देशानुसार प्रदेश भर में अनवरत चल रहे, बूथ कार्यक्रम निमित्त गुलाबपुरा मंडल के 17 बूथ अध्यक्षों, 6 शक्ति केंद्र प्रभारियों की बैठक हुई संपन्न। बैठक में 17 बूथ अध्यक्षों की, फ़ोटो सहित कार्यकारिणी सूचीबद्ध तरीके से तैयार कर जमा की गई। भाजपा नेता धनराज गुर्जर ने बताया की वर्तमान में पूरे प्रदेश में, सशक्त मंडल एवं सशक्त समिति अभियान के साथ-साथ पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें कार्यकर्ताओं की अभूतपूर्व क्षमता से गुलाबपुरा मंडल की शत प्रतिशत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यही सशक्त मंडल एवं बूथ समितिया आगामी विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे !

राष्ट्रीय संगठन के निर्देशानुसार पन्ना प्रमुख नियुक्ति व् फ़ोटो युक्त बूथ समितियां की संपूर्ण तैयारी धरातल स्तर पर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत कर रही है और जिसने बूथ जीत लिया, उसने चुनाव जीत लिया। आने वाले विधानसभा चुनाव में आज आप द्वारा मूल संगठन के इस मूल कार्य के जरिए ही चुनाव का विजय का परिणाम रहने वाला है।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष सावरनाथ योगी महामंत्री रघुवीर वैष्णव, हरीश शर्मा, शक्ति केंद्र प्रभारी ओम दाधीच, शिव सिंह राठौड़, रामेश्वर छापरवाल, कैलाश लड्ढा, कान सिंह राठौड़, प्रवीण सहाड़ा, हेमंत कुंभकार पर प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील तोषनीवाल, पार्षद राजेंद्र रेगर महिला मोर्चा अध्यक्ष रंजना व्यास, अल्पना मोदी, सूरज करण साहू, मनोज जांगिड़, राजीव शर्मा, मोहम्मद आरिफ, शेर मोहम्मद, मोहम्मद अब्बास, इन्द्रजीत बना, सुनील वैष्णव, संदीप नाथ, विक्रम सिंह, गजराज सिंह, सुखदेव मेघवंशी, विनीत मैठाणी सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

# माहेश्वरी सेवा सदन की प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

**पुष्कर** (निसं.)। श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर की प्रबन्धकारिणी समिति के वर्तमान सत्र की द्वितीय बैठक सदन के अध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा की अध्यक्षता एवं महासभा के पूर्व सभापति रामपालजी सोनी के प्रमुख आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

बैठक में गत प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक कार्यवाही की पुष्टि के पश्चात अध्यक्ष भूतड़ा ने वर्तमान सत्र में सेवा-सदन के सभी भवनों में वर्तमान परिवेश अनुसार आधुनिकतम सुविधाओ से सुसज्जित करवाये जाने वाले कार्यों के क्रम में करवाये गये कार्यों की जानकारी दी। एवं शीघ्र ही समाजबन्धुओं के सहयोग से अजमेर में एक छात्रावास निर्माण करवाये जाने की जानकारी दी। साथ ही नाशिक एवं जगन्नाथपुरी में भी शीघ्र ही भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ करवाने का आश्वासन भी दिया। महामंत्री रमेशचन्द्र छापरवाल ने बताया कि विभिन्न भवनों के उचित संचालन हेतु सदन अध्यक्ष के निर्देशानुसार बनाई गई भवन-समितियों के उपस्थित संयोजकों ने संबंधित भवनों में गत दिनों आयोजित समिति-बैठकों की रिपोर्ट प्रहलादजी शाह, अनिलकुमार बांगड़, जयकिशन बल्दुवा, विजयशंकर मून्दड़ा, मनोहरलाल पुंगलिया, मुरलीधर झंवर, मधुसुदन मालू आदि ने क्रमवार प्रस्तुत की एवं सम्बन्धित भवन में करवाये जाने वाले आवश्यक कार्यों हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किये।

इसी क्रम में सदन के रामसभा परिसर के एक ब्लॉक के स्थान पर नव-निर्माण हेतु भी महामंत्री ने प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सभी ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान की। कोषाध्यक्ष मनोहरलाल पुंगलिया ने आय-व्यय की जानकारी सदन के समक्ष रखते हुए वर्ष 2022-23 हेतु संशोधित बजट भी सदन के सम्मुख स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया। जिसे सर्वसम्मत्ति से स्वीकृति प्रदान की गई। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के संगठन मंत्री अजय काबरा ने सेवा सदन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए महासभा द्वारा सदैव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। सेवा सदन के मार्गदर्शक रामपाल सोनी ने सदन के विकास हेतु सुझाव दिये एवं नव-निर्माणों सहित वर्तमान प्रकल्पों के उचित रख-रखाव पर भरपूर कार्य करने की आवश्यकता प्रकट की। साथ ही समाजबंधुओं की भावनाओं के अनुरूप अयोध्या में शीघ्र ही भव्य भवन की कायर्योजना पर विचार प्रकट किये। जिस पर अध्यक्ष भूतड़ा ने कहा कि यह प्रोजेक्ट समाज की भावनानुसार बनाया जायेगा जिसमें करीब 50 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आंकी गयी है।

इसके अलवा मार्गदर्शक सोहनलाल भूतड़ा, निवर्तमान अध्यक्ष जुगलकिशोर बिड़ला, ओमप्रकाश तोषनीवाल, जगदीशप्रसाद राठी ने भी सुझाव प्रकट किये। बैठक में जानकीलाल मून्दड़ा रामकुवार मानधना, सुनीलकुमार मून्दड़ा, कमलकिशोर चाण्डक, रामअवतार जाजू, शरद मून्दड़ा, गोपीकिशन बंग, संपतराज बिड़ला, चन्द्रप्रकाश बिड़ला, ताराचन्द शारदा, जयप्रक्राश मनिहार, अर्जुनराम राठी, आसकरण भट्टड़, केशरीचन्द तापडिया, शरदकुमार सोनी, ओमप्रक्राश बंग, रामवलूभ, ईश्वर बाहेती, घनश्याम लाहोटी, बेणीगोपाल मंत्री, नृसिंह जाखेटिया, राजेश झंवर, अशोक जैथलिया, विमल मूंदड़ा, रामनारायण झंवर, अजय सोमानी आदि समाजबंधु मौजूद थे। बैठक में सेवा सदन की व्यवस्थाओं एवं नव-निर्माण संबंधी आवश्यक सकारात्मक निणर्य लिये गये। बैठक के अन्त में दिवंगत समाजबन्धुओं एवं राष्ट्र की रक्षा में शहीद प्रहरियों के निधन पर 2 मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा राष्ट्रगान के साथ बैठक सम्पन्न हुई।


**खण्डन**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती सुनीता पत्नी श्री राजेश भाटिया मकान नंबर 3121/6 पलसानिया रोड नसीराबाद अजमेर 305601 के संबंध में दिनांक 26/6/22 को अखबार में प्रकाशित किया गया था कि कूटरचित दस्तावेज के आधार पर A-102, नाका मदार UIT कॉलोनी अजमेर का मकान इन्होंने अपने नाम करवा लिया है, जिसका मैं कठोर शब्दों में पुरजोर रुप से खंडन करता हूं, जो कि बिल्कुल असत्य व गलत है, क्योंकि सभी दस्तावेज चिमन सिंह के बड़े भाई स्व. प्रताप सिंह व उनके पिता स्व. ताराचंद द्वारा कूटरचित रूप से तैयार किए गए थे, जिससे मेरे पक्षकारा अनभिज्ञ थे। इसके बाद स्व. ताराचंद व उनके पुत्र स्व. प्रताप सिंह लगभग 1 वर्ष तक अखबारों में मकान बेचने के विज्ञापन देते रहे जिसे पढ़कर मेरे पक्षकारा इनसे मिले और बैंक द्वारा ऋण लेकर बैंक द्वारा चेक स्व. प्रताप सिंह के नाम पर किया गया और उनके द्वारा मकान मेरी पक्षकारा सुनीता पत्नी राजेश भाटिया के नाम पर किया गया। मौका पाते ही मेरी पक्षकारा को झूठा साबित करने के लिए न्यायालय में वाद दायर कर दिया गया, जबकि मेरी पक्षकारा आज दिन तक उक्त मकान का ऋण बैंक को चुका रही है। धोखाधड़ी तो मेरी पक्षकारा के साथ हुई है, जिसे वे आज तक भुगत रही हैं, जिसे लेकर राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में अपील विचाराधीन है भविष्य में यदि इस प्रकार मेरी पक्षकारा को बदनाम करने की कोशिश की गई तो मानहानि याचिका के लिए तैयार रहें।

सुनील भाटिया ( एडवोकेट ) नसीराबाद

9829527947, 8233060747



**सार्वजनिक सूचना** दिनांक 20.07.2022

यह बड़े पैमाने पर जनता के ज्ञान के लिए है कि हमारे मुवक्किल और उसके सहयोगी तथा नियंत्रित कम्पनी के माध्यम से 6.45 एकड़ जो की लगभग 16.14 बीघा है, जमीन उनके वर्तमान मालिकों से खरीदने का इरादा रखते हैं। यह जमीन कुण्डियाकला गाँव, (पटवार हल्का कुण्डियाकला) बनेड़ा तहसील, भीलवाड़ा जिला, राजस्थान में निम्नलिखित आराजी/खसरा नंबर में स्थित है।

| क्र.सं. | मालिक | खसरा संख्या | आकर बीघा-बिस्वा | आकर वर्गमीटर में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रेमसिंह गौड़ पिता मनोहर सिंह गौड़ | 4334/2319 | 3.00 | 7587.856 |
| 2 | भेरू लाल लुहार पिता कन्हैया लाल लूंहार | 4381/2319 | 4.00 | 10117.14 |
| 3 | सुनीता देवी मारू पति अनिल कुमार मारू | 4382/2320 | 3.00 | 7587.856 |
| 4 | प्रेम सिंह गौड़ पिता मनोहर सिंह गौड़ | 4384/2319 | 3.00 | 7587.856 |
| 5 | सुनीता देवी मारू पति अनिल कुमार मारू | 4385/2320 | 1.17 | 4679.178 |
| 6 | सुनीता देवी मारू पति अनिल कुमार मारू | 4386/2320 | 1.17 | 4679.178 |

उपरोक्त जमीन के वर्तमान मालिकान ने दर्शाया तथा घोषित किया है कि, उपरोक्त जमीन सभी तरह के भार, प्रभार, पट्टा आदि से मुक्त है। उपरोक्त जमीन के वर्तमान मालिकान ने यह भी घोषित किया है कि जमीन किसी भी तरह के कोई समझौता, पट्टा, समझौता ज्ञापन आदि का हिस्सा/विषय नहीं है और कोई कानूनी बाधाओं से प्रभावित नहीं है एवं उपरोक्त जमीन खरीदने के लिए कानूनी रूप से पाक साफ है। तात्पर्य यह है कि उक्त जमीन के सन्दर्भ में हमारे मुवक्किल इस आधार पर उपरोक्त जमीन के गुणों का ध्यान रखते हुए इसे खरीदने के लिए सहमति व्यक्त किया है। कोई भी व्यक्ति, कंपनी, एजेंसी तथा संस्था का कोई अधिकार हक, दावा, वाह मांग उपरोक्त जमीन या उसके किसी हिस्से के विरूद्ध हो जो की विरासत, बंधक, कब्जे के माध्यम से, बिक्री, विनिमय, लाइसेंस, उपहार, पट्टा, ग्रहणाधिकार, प्रभार, विश्वास, रखरखाव, वसीयत, सहजता, विकास के अधिकार, साझेदारी, संयुक्त उद्यम, हुकमनामा या किसी भी न्यायालय के आदेश, अधिग्रहण की सूचना या किसी अन्य समझौते/समझ अनुसरण, के तहत हो तो वह व्यक्ति, कंपनी, एजेंसी, तथा संस्था को इस सार्वजनिक सूचना के जारी करने के साथ 7 दिनों के भीतर मूल रूप से दस्तावेजी साक्ष्य के साथ नीचे दिये गये पते पर अधोहसताक्षरी को लिखित रूप में, समान रूप से ज्ञात करने की आवश्यकता है। यदि पूर्वकथित अवधि के दौरान कोई भी दावा/आपत्ति नीचे दिए गये पते पर ज्ञात/सूचित करने में विफल होते हैं तोह वह दावा/आपत्ति आदि को माफ कर दिया गया/परित्यक्त, माना जाएगा।

श्री दीपक चौधरी, वकील

ऑफिस- 306, 307, तीसरी मंजिल, अशोका कैपिटल, रोड नं.-2, बंजारा हिल्स, हैदराबाद, तेलंगाना,



